Title: Demand to pay arrears of sugarcane growers of Eastern Uttar Pradesh and not to close sugar mills in the interest of farmers.

श्री राम नगीना मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान खास तौर से उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में नौ चीनी मिले हैं जिनमें से कानपुर की पडरौना और कठकुइयां चीनी मिलें पहले से बंद हैं।

... (व्यवधान)
उत्तर प्रदेश सरकार ने फैसला किया है कि वह छः चीनी मिलें - छितौनी, घुघली, मुण्डेरवा, मेरठ, रामपुर तथा हरदोई और बंद करने जा रही है। देवरिया में गौरी बाजार पहले से बंद है।

... (व्यवधान)
गन्ना किसानों का अरबों रुपया बकाया है। उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का क्या होगा। वे मर रहे हैं। सारी चीनी मिलें बंद हो जाएंगी तो गन्ना किसान क्या करेंगे।

... (व्यवधान)

PROF. A.K. PREMAJAM (BADAGARA): Sir, I was the first person to give notice today and yet I have not been given an opportunity so far.

श्री राम नगीना मिश्र : मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को हिदायत दे कि वह गन्ना किसानों के हितों के लिए चीनी मिलें बंद न करे और किसानों का जो अरबों रुपया बकाया है, वह दिलवाया जाए।

... (व्यवधान)
लखनऊ में हमारे विधायकों ने धरना दे रखा है, अनशन किया हुआ है। इसलिए मैं चाहूंगा कि भारत सरकार इस मामले में दखल दे और यहां कोई आश्वासन दे।

... (व्यवधान)

हमारी सरकार दिल्ली में है और उत्तर प्रदेश में भी है। जब वाजपेयी जी चुनाव में गोरखपुर गए थे तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि चीनी मिलें बंद नहीं होंगी और गन्ना किसानों का जो बकाया है, वह दिया जाएगा।। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार इस बारे में उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दे।

... (व्यवधान)

लाखों किसान मर रहे हैं।

... (व्यवधान)
संसदीय कार्य मंत्री कुछ कहें। ... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, प्लीज।

... (व्यवधान)

SHRI RAJESH PILOT : Sir, we support this point. It is a burning problem for the farmers of that area. The Government should respond to this.

MR. SPEAKER: Would the Government like to respond to this?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : मिश्रा जी और पायलट जी ने समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। मैं उसके विषय में कृषि मंत्रालय से बात करके सदन को जानकारी दिलवाऊंगा।